[Shri Bhupesh Gupta] fore you. You will remember, Mr. Deputy Chairman was good enough, with your permission, $t_0$ give me an opportunity and I raised certain matters relating to spying in Bombay Docks by some visiting naval personnel of the British Royal Navey. I gave certain facts, names, figures and so on. That was done on the night of 6th November, some days before Charles' visit. I requested again and again that the Government should make $_a$ statement on the subject in view of the serious allegations I had made with facts and figures; I brought those things to your notice. Yesterday—I was not here—I find the Prime Minister in connection with answering some questions said something on the subject and admitted that some syping was done I would like you to give a direction to the Government to make a full statement as to what happened. Why was the prosecution not launched against those who were caught spying? that is very important when the Prime Minister herself has admitted that some spying was done by thp two British Naval personnel.

MR. CHAIRMAN: I shall certainly ask $th_e$ hon. Home Minister. I will discuss the matter...

SHRI BHUPESH GUPTA: Ask them to make a statement.

MR. CHAIRMAN: I cannot just tell them to make the statement, *i* will discuss the matter first and then...

SHRI BHUPESH GUPTA: We had two things, i.e., British Naval spying $i_n$ our country and Prince Charles being paraded.

MR. CHAIRMAN: Prince Charles is outside the purview of this, *(Interruptions).* I think he only wore the naval uniform.

SHRT BHUPESH GUPTA: If they sent Prince Charles, we should not send Mr. Hidayatullah.

MR. CHAIRMAN: I will $hav_e$ a talk with the Home Minister.

## CALLING ATTENTION TO A MATTER *OF* URGENT PUBLIC .. IMPORTANCE

### Reported illegal transfer to Pakistani through Canada of Electronic Equipment of USA which can be used for developing $nuclea_r$ weapons by Pakistan. ..

SHRi SHIVA CHANDRA JHA (Bihar); Sir, I beg to call the attention of the Minister of External Affairs to the reported illegal transfer $t_0$ Pakistan through Canada of electronic equipment of USA which can be used for developing nuclear weapons by Pakistan.

[Mr. Deputy Chairman in the Chsir]

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASHVIHA RAO): Mr. Deputy Chairman, Sir, there have recently been many reports in the western press about the procurement of different kinds cf equipment by Pakistan for its nuclear programme. One such report which has appeared in the U.S. and Canadian press is about the supply of US-made electronic equipment to Pakistan *via* Canada. According to reports available to us. two Canadian companies in Montreal, namely M/s. Seranit Electronics and M/s. $Futu_r$ Byte Limited, and three individuals, Mohd. Ahmad, ^ Abdul Aziz Khan and Surham E Ahmi, were charged with attempting to export US-made electronic equip- $_s$ ment to Pakistan without requisite permission.... The Royal Canadian Mounted Police is reported *to have* seized condensers, capacitors and othet electronic equipment worth US $56,000 following an investigation. The Royal Canadian Mounted Police officials also indicated to Washington Post, a US newspaper, that they had evidence of at least five other shipments of similar electronic parts having bee.i despatched to Pakistan. According to the same newspaper, knowledgeable Canadians have indicated that "condensers j and capacitors are components for an invertor, a complex piece of equipment that can be used to enrich ura-

nium to weapons grade or provide electricity needed for the precise manufacture of nuclear weapon parts."

Government have noted that a spokesman for the Embassy of Pakistan in Ottawa denied that the electronic equipment seized in Montreal could have been destined for Pakistan and also denied having any dealing with the companies involved or with the individuals charged with smuggling the equipment. According to Canadian press reports the companies and individuals have been charged with violating the Canadian export-import laws relating to electronic equipment and court proceedings are to commence on December 15th. This matter also figured in the Canadian Parliament where questions were asked why more serious charges were not preferred instead of relatively minor ones under customs regulations.

At this point_ I would like to add something which we got by way of additional information just now. I would like to say that the companies and individuals involved have now been charged with exporting electronic equipment of a strategic nature for the nuclear industry without permit. So, there have been additional charges levelled against these indivduals and companies and this is the latest information I got just a few minutes ago. Sir, I have on earlier occasions informed the House that about Pakistan's nuclear programme. Government are aware that Pakistan has been trying to acquire uranium enrichment capability as v/ell as nuclear feul reprocessing capability which could enable it to assemble a nuclear device. To build *vp* uranium enrichment and nuclear reprocessing facilities Pakistan is believed to have imported vital equipment from various European countries in a clandestine manner. The recent disclosure about 'trie shipment of US-made electronic equipment to Pakistan *via* Canada is one of many reports which have appeared in the World Press in the past several months about procurement of equipment by Pakistan which could be used for building up nuclear capability.

Sir, Government have been concerned about the reports regarding Pakistan's nuclear programme and have taken up this question with the Government of Pakistan at tbe highest levels. Government of Pakistan have assured us that their nuclear programme is solely directed towards peaceful purposes and has no non-peacefuj dimensions. It is hoped that the Government of Pakistan will abide by its assurances and desist from any action which could disturb the peace and stability of our region and impair the process of normalisation of relations between India and Pakistan. Meanwhile Government continues to be vigilant in the matter and is taking all necessary steps to safeguard the security interests of India.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Before Mr. Jha speaks, I would like to inforn. the hon. Members that if this Calling Attention is not over before lunch, it will be taken up after the Half-an-Hour Discussion is over in the evening. I would request the hon. Members to try to finish it before lunch. Mr. Shiva Chandra Jha.

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal,): Sir *j* have a submission to make. If you allow me some absurdity...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is always your privilege.

SHRI BHUPESH GUPTA: .. .may I, as a member of the so-called left ask our so-called Prime Minister to speak on the subject? I said if you aTiow me some absurdity.

SHRi P. RAMAMURTI (Tamil Nadu): Sir, the point is that this is a very important subject and if it is to be taken up after the Half-an-Hour Discussion is over, that means after 5.30 or 6 o'clock, then most of the House would be empty. Many of us have already programmes. Therefore, I would suggest, let us forego the

[Shri P. Ramamurti]

lunch hour and continue the discussion. People can go and eat and come. That will bs far better than having it alter 6 o'clock.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have no objection. But before two, we will have to adjourn. Yes, Mr. Shiva Chandra Jha.

**श्री शिव चन्द्र झा :** उपसभापति महोदय, मुझे बहुत खुशी है कि खुद प्रधान मंत्री जी यहां आयी हैं सुनने के लिये और इस अहम विषय पर सफाई करने के लिये। मैं यह बात उठाना चाहता था कि प्रधान मंत्री जी को यहां आना चाहिए था, लेकिन मुझे खुशी है कि प्रधान मंत्री जी यहां पहले से मौजूद हैं और इसके लिये मैं उन को धन्यवाद देता हूं।

अब कुछ बातें जो मैं उठा रहा हूं बहुत सिम्पल तरीके से साफ शब्दों में मैं चाहूंगा कि प्रधान मंत्री जी उन बातों का साफ शब्दों में ही जवाब दें। उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने जो जवाब दिया है मेनी रिपोर्टस वगैरह की बात कह कर उस का यह ज्वलंत उदाहरण है कि अमरीका जो इलेक्ट्रानिक इक्विपमेंट वाया कैनाडा भेज रहा है वह अमरीका साम्राज्यवाद को बढ़ाने के लिये और उस की वार मोंगरिंग नीति को फैलाने के लिये है। इसके लिये उस की सतत कोशिश रही है कि भारत कमजोर हो और इसके लिये हमारे बगल का देश पाकिस्तान उस का हथकंडा रहा है। वह चाहता है कि पाकिस्तान मजबूत हो और इस सिलसिले में एक छोटी सी कहानी मैं कह देना चाहता हूं। अकबर को आप लोग जानते हैं। वह बड़ा हंसमुख था। उस ने एक बार दीवार पर एक लकीर खींच दी और कहा कि उस को बिना कुछ किये छोटा कर दो। उस के सारे दोस्त आश्चर्यचकित थे कि बगैर उसको काटे कैसे छोटा किया जाये। फिर बीरबल आये और उन्होंने उस के पास एक बड़ी लकीर खींच दी। उसने कहा देखिये छोटा हो गया। वही आज अमरीका की नीति है कि भारत को तो वह कमजोर कर नहीं सकता है, अगल बगल में मजबूत कर दो ताकि भारत खुद रिलेटिवली कमजोर हो जाए। यह उसकी बुनियादी नीति है। इसीलिए जब से भारत आजाद हुआ है तब से उसकी कोशिश रही है, साजिश रही है है कि भारत को कमजोर बनाया जाए।

इधर हाल ही में आपने देखा तारापुर के लिए ऐग्रीमेंट था, उसने नहीं दिया थोड़ा दिया है। अखबार में बात आई है लेकिन नतीजा यह हुआ है कि तारापुर का आउट पुट डिक्लाइन हुआ है। हम पंडित जवाहरलाल जी के दिनों के उदाहरण देने लगें तो लम्बी कहानी हो जाएगी। 1949 से मुझे याद है जब पंडित जी गये थे वह सब कहानी मैं उठा सकता हूं तो अमरीका की वार मोंगरिंग नीति रही है, खास कर भारत को मद्दे नजर रखते हुए कि इस को किस तरह से कमजोर किया जाये और यदि स्पष्ट रूप में कमजोर नहीं किया जा सकता है तो अगल बगल को मजबूत किया जाये।

पंडित जी जब थे तो यह गौरव की बात थी कि वह मुहतोड़ जवाब दिया करते थे। बहुत उदाहरण हैं, अमरीका को मुहं तोड़ जवाब देने के। आईजनहोवर को मुहं तोड़ जवाब दिया, हमें याद है। डलेस को जो उन्होंने जवाब दिया वह अभी भी याद है, कहें तो आपको सुना दू। लेकिन मौजूदा प्रधान मंत्री जब से हुई हैं मैंने आज तक कोई मुंहतोड़ जवाब अमरीका को दिया हो, ऐसा नहीं देखा है, न अखबारों में पढ़ा। मुझे चौथी लोक सभा के दिनों की याद है इन्होंने कोई मुहतोड़ जवाब अमरीका को नहीं दिया जब कि वह भारत के खिलाफ साजिश कर रहा है।

इतना ही नहीं, अमरीका का जो प्रेसिडेंट इलेक्ट हुआ है, हालीवुड स्टार को ऐडवांस में आपने ऐम्बेसैडर बनाकर भेजा। कोई नेहरू था उसने कहा--तुम्हीं हो माता पिता तुम्हीं हो । . . . *(Interruptions)*

**श्री उपसभापति :** प्रश्न पूछिये ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** अमरीका ऐसी नीति अख्तियार कर रहा है लेकिन उसको कोई कारगर जवाब प्रधान मंत्री ने नहीं दिया, यह हैरानी की बात है । इसका एक पहलू यह है ।

दूसरा पहलू है कनाडा । कनाडा क्या है ? कनाडा कामनवैल्थ आफ नेशंस में है । तो कामनवैल्थ में क्यों अभी तक वह स्पिरिट पैदा नहीं हुई है कि कम से कम अपने फैमिली नेशन्स में तो इस तरह के काम धोखेबाजी, दगाबाजी नहीं हो ? पीठ में छुरा न भोंका जाये ? मैं फिर कहूंगा कि पंडित जी कामनवैल्थ आफ नेशंस में परिवर्तन लाये, उसमें इक्विटी की भावना लाये . . . . .

**श्री उपसभापति :** कुछ स्पष्टीकरण पूछिये, आब्जर्वेशन बहुत हो गये हैं।

**श्री शिव चन्द्र झा :** कामनवैल्थ आफ नेशन्स में वह स्पिरिट नहीं जगा सके हैं, स्ट्रेक्चरल चेंजेज नहीं हुए हैं। अभी तक कामन वैल्थ का जो हैड है वह क्वीन है । अध्यक्ष महोदय, वहां हर साल कामनवेल्थ की मीटिंग होती है। मैं भी न्यूजीलैंड में गया हुआ था, क्वीन के नाम पर सब कुछ होता है चार्ल्स को सिर पर उठाया गया। कामनवैल्थ में रहने के बाद भी वह स्पिरिट नहीं जगाई गई स्ट्रक्चरल चेंजेज उसमें नहीं लाये गये और वह भावना कि एक दूसरे के खिलाफ धोखाबाजी, दगाबाजी नहीं हो, यह भावना पैदा नहीं हुई है । कामनवैल्थ के पार्लियामेंट में यह बात उठी है, वहां के मैम्बरों ने उठाई है ।

**श्री उपसभापति :** वे सब बातें आ चुकी हैं; आप स्पष्टीकरण पूछिये ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** कामनवेल्थ में क्या आपने प्रोटेस्ट किया ? . . .

*(Interruptions)*

श्रीमन्, तीसरा पहलू है पाकिस्तान जहां यह बात है । मंत्री महोदय ने कबूल किया कि पाकिस्तान ऐटम बम बना रहा है । वैस्ट यूरोपियन कंट्रीज, फ्रांस, वैस्ट जर्मनी, पोलैंड और लीबिया के जरिये पाकिस्तान को हथियार आ रहे हैं । यह हमारे लिए खतरे की कहानी है। 1981 तक वह बम बनायेगा यह वहां के अटामिक इनर्जी का जो हैड है वह कह रहा है । पाकिस्तान की सतत नीति रही है। उसने यह देखा कि देश हजारों वर्ष तक लड़ाई लड़ने को तैयार है। उसकी नीति भारत के मुकाबले में जो है वह निर्विवाद है।

*(Interruptions)*

**श्री उपसभापति** ठीक है अब समाप्त करिये ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** लेकिन भारत की अलग नीति रही है । यह गांधी का देश है । महात्मा गांधी का देश है । जवाहर का देश है ।

*(Interruptions)*

**श्री सैय्यद सिब्ते रज़ी** (उत्तर प्रदेश) : इन्दिरा गांधी का देश है यह भी कहिये ।

*(Interruptions)*

**श्री शिवचन्द्र झा :** यहां उसकी नीति दूसरी रही ।

*(Interruptions)*

**श्री उपसभापति :** समाप्त करिये । बहुत कह दिया आपने ।

*(Interruptions)*

**श्री शिव चन्द्र झा :** कहां कह दिया ।

**श्री उपसभापति :** सब कुछ आपने कह दिया । (Interruptions)

**श्री शिव चन्द्र झा :** जरा सुनिये । आप बैठ जाइये । (Interruptions) शिमला एग्रीमेंट तोड़ा, लेकिन भारत ने ऐसा नहीं किया । यह इसकी परम्परा रही है । *(Interruptions)*

**श्री उपसभापति :** मंत्री महोदय जवाब दें । *(Interruptions)*

**श्री शिव चन्द्र झा :** जितने नेबरिंग कंटरीज हैं इन सब का एक कनफनट्रेशन का रूप हो और उसमें इनिशिएटिव लेने की कोशिश करें । इसके बिना काम नहीं चलेगा । *(Interruptions)* अब मेरा सवाल है ।

**श्री उपसभापति :** ज्यादा लंबा सवाल मत करिये । जरा जल्दी करिये ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** पहला सवाल यह है कि यह जो इलोक्ट्रोनिक इक्यूपमेंट कनाडा के थ्रू गया है, समगल्ड हुआ है जैसा कि अखबार में आया है, मैं मानता हूं कि स्मंगल्ड नहीं हुआ होगा बल्कि प्लांड रूप में होगा । अमेरिका की इम्पेरियलिस्ट आफ वार मोंगरिंग की नीति रही है । दूसरे कनाडा एक्शन ले रहा है यह आपने पढ़ कर सुनाया है लेकिन उसमें जो लोग पकड़े गये हैं जैसा कि अखबार में है कि कनेडियन सिटीजन हैं लेकिन उसका बैकग्राउंड क्या है वह बताइये । मुहम्मद के बारे में आपने पढ़ा । *(Interruptions)*

**श्री उपसभापति :** उन्होंने तो नहीं पढ़ा आप पढ़ दीजिए ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** वह भारतीय हैं या कनेडियन हैं उसकी बैकग्राउंड क्या है इस बारे में आप साफ तौर से बता दीजिए । यह भी बता दीजिए कि कनाडा सरकार के सामने आपने प्रोटेस्ट लाज किया है या नहीं । कामनवैल्थ नेशन्स में होने के नाते क्या आप इस बात को उठायेंगे ? दूसरा सवाल यह है कि हमारी नान-एलाइंमेंट की नीति है । आपको नान-एलाइंड नेशंस में उठाना चाहिए । भारत को इसमें इनिशिएटिव लेना चाहिए । मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या आप उसकी बैठक बुलायेंगे, मीटिंग करायेंगे इस संदर्भ में विचार करने के लिए । *(Interruptions)*

**श्री उपसभापति :** समाप्त करिये ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** मैं समाप्त ही कर रहा हूं । *(Interruptions)*

**श्री उपसभापति :** आप सवाल नहीं कर रहें हैं । *(Interruptions)*

**श्री शिव चन्द्र झा :** मैं सवाल ही कर रहा हूं ।

**श्री उपसभापति :** आप 15 मिनट से बोल रहे हैं । *(Interruptions)*

**श्री शिव चन्द्र झा :** मैं खत्म कर रहा हूं । आप बैठ जाइए । *(Interruptions)*

**श्री उपसभापति :** कोई सवाल आप पूछते नहीं हैं । *(Interruptions)*

**श्री शिव चन्द्र झा :** मैं पूछ रहा हूं । आप बैठ जाइए । *(Interruptions}*

श्री सैय्यद सिब्ते रजी : हाउस आप चला रहे हैं या झा साहब चला रहे हैं। *{Interruptions)*

श्री उपसभापति : अब समाप्त करिये। (Interruptions)

श्री शिव चन्द्र झा : आखिरी सवाल है। नेबरली नेशन्स पड़ौसी देश जो हैं उनके साथ अच्छे संबंध हों, पाकिस्तान का रवैया जो भी हो हमारा इनिशिएटिव होते रहना चाहिये, एक कनफनट्रेशन हो विकास को लेकर। मेरा यही सवाल है कि आप इसमें इनिशिएटिव लें। मैंने जो बैकग्राउंड की बात कही उसका जवाब भी मंत्री जी दे। अगर प्रधान मंत्री जी दें तो ज्यादा अच्छा हैं।

श्री उपसभापति : मंत्री जी जवाब देंगे।

श्री पी० वी० नरसिंह राव : श्रीमन्, जहां तक मुंहतोड़ जवाब देने का प्रश्न है मैं इतना स्पष्ट कर देना चाहता हूं। कि हमने किसी को जवाब देने में कोई संकोच कभी नहीं किया। मुंहतोड़ है या नहीं यह उसके मुंह पर निर्भर है। हमने स्पष्ट रूप से कहा हैं कि जो भी हम को कहना था उसमें हमने कहीं कोई संकोच नहीं किया, कोई आनाकानी नहीं की और न कोई आधी-आधी बात कही। जहां तक कामनवेल्थ का सवाल है, कामनवेल्थ के जो हमारे संबंध हैं वह अपनी जगह पर हैं। इसके बावजूद कभी-कभी ऐसी वारदातें होती हैं तो उनसे हम वार्ता करते हैं। यह जो मामला है, यह अभी अदालत में हैं, वहां की कोर्ट में यह मामला चल रहा है। पार्लियामेंट में भी यही कहा गया है कि यह मामला कोर्ट में चल रहा है, इस पर बहस नहीं हो सकती है। इसलिए हम इसका पूरा ब्योरा जानते नहीं हैं, जानने की कोशिश कर रहे हैं। जहां तक नान-एलायनमेंट की बात है, नान-एलायन्ड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक फरवरी में होने वाली है। उसमें अब यह विषय आता है या नहीं आता है और अगर आ सकता है तो इसकी हम जांच करेंगे। लेकिन आने में कोई अनुचित नहीं लगता। इस पर अभी हम कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सकते। इसके बावजूद हम कोशिश इस बात की कर रहे हैं कि हमारे जो पड़ौसी मुल्क हैं, पड़ोसी देश हैं, उनके साथ हमारे संबंध अच्छे बने और बने रहे। लेकिन सवाल यह है कि जैसा कहा गया है, एक हाथ से ताली बजती नहीं। यह सारा मामला इसीलिए है कि एक ही तरफ से दोस्ती की बात कही जा रही है। दूसरी तरफ से कहां तक उसका रेस्पोन्स मिल रहा हैं, उसका यह एक दृष्टान्त आपके सामने हैं।

श्री उपसभापति : श्री लाखन सिंह।

श्री शिव चन्द्र झा : श्रीमन्, मंत्री महोदय ने यह नहीं बताया है कि अमेरिका की नीति वार मौंगरिंग है या नहीं . . . (Interruptions) मंत्री महोदय इसका यस या नो में जवाब दे दें।

श्री उपसभापति : उन्होंने जवाब दे दिया हैं।

श्री शिव चन्द्र झा : एक हिन्दुस्तानी का बयान आया है . . . *(Interruptions)* मंत्री महोदय ने साफ जवाब नहीं दिया है कि अमेरिका की नीति वार मौंगरिंग है या नहीं ? उनकी नीति इम्पीरियलिस्टिक है या नहीं ? प्रधान मंत्री खुद इसका जवाब दे दें।

Importance

*(Interruptions)*

SHRI BHUPESH GUPTA; He has raised a very relevant point. *(Inter, ruptvonst)* I am helping you. America has been named. America has supplied them. These are being routed to Pakistan. Therefore, America has very much figured. Will Sita Ram Kesn answer?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SITA RAM KESRI): I would like to say that it has been decided in the Business Advisory Committee in the presence

[Shri Sita Ram Kesri]

of the representatives of all the parties that the first caller will take not more than seven minutes and the following hon. Members will take not more than three minutes. Since I have observed that the hon. Member has taken fifteen minutes, 1 would like to request you kindly to impose restrictions.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am *dy* to impose restrictions, but would seek cooperation from the hon. Members in this respect. *(Interruptions)* Please do not take the time now.

श्री शिव चन्द्र झा : श्रीमन्, मेरे सवाल का जवाब नहीं मिला है । मैं यह जानना चाहता हूं कि अमेरिका की नीति इम्पीरियलिस्टिक और बार मौंगरिंग है या नहीं ? वे यह कह दें कि यस या नो . . . *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : मैं यह देख रहा हूं कि कितने ही माननीय सदस्य एक साथ खड़े हो जाते हैं जिससे कुछ भी सुनाई नहीं पड़ता है और आपने क्या कहा, कुछ भी सुना नहीं जा सकता है । अब आप श्री लाखन सिंह को बोलने दीजिये ।

श्री शिव चन्द्र झा : श्रीमन्, मैं चाहता हूं कि मंत्री जी यस या नो में जवाब दे दें । अमेरिका की नीति इम्पीरियलिस्टिक है या नहीं ?

SHRI ERA SEZHIYAN (Tamil Nadu): He has asked about the Indian involved in the transaction.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, yes. About the persons involved in the case, what is their background, he wanted to know.

SHRI ERA SEZHIYAN: The Indian involved.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO. Sir, one is originally from Pakistan but at present he is a Canadian citizen.

SHRI BHUPESH GUPTA: Origin-aUy?

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: Of Pakistani origin. Another is a business man from Egypt, and the third is a specialist from India.

SHRI ERA SEZHIYAN: What specialist?

SHRI KRISHNA CHANDRA PANT (Uttar Pradesh): I think, Sir, the House would like to know what kind of a specialist he is.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO; He is said to be a mechanical specialist. Information is just arriving. I have read it straight from the message.

श्री शिव चन्द्र झा : वह कौन है ?

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: I can give all the details later. They are just coming.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You will get the information. Shri Lakhan Singh. (Interruptions)

श्री शिव चन्द्र झा : अमेरिका . . . *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : मंत्री जी ने स्पष्ट कर दिया है अपने बयान में ।

SHRi P. V. NARASIMHA RAO: Sir, I have said that they are from different origins, but presently they are all citizens of Canada.

श्री शिव चन्द्र झा : श्रीमन्, सवाल . . .

श्री उपसभापति : वह बयान दे चुके हैं ।

श्री शिव चन्द्र झा : सवाल सिम्पल है उसका उत्तर 'यस' या 'नो' में कह दें ।

श्री उपसभापति : आप बैठ जाइये । श्री लाखन सिंह ।

**श्री लाखन सिंह** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटें तो स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तान की नीयत क्या रही है और आज क्या है । मैं जुल्फिकार अली भुट्टो के भाषण के एक अंश को यहां उद्धृत करना चाहूंगा ।

**श्री उपसभापति** : लाखनसिंह जी, आप केवल इस प्रश्न तक सीमित रहिये, अगर इतिहास में जायेंगे तो बहुत समय लगेगा । आप प्रश्न पूछिये ।

**श्री लाखन सिंह** : जो विश्व शक्तियां हैं शक्ति संतुलन को बनाये रखने के लिये पाकिस्तान को मजबूत बनाना चाहते हैं । यह बहुत गंभीर मामला है हमारे देश के सुरक्षा के सम्बन्ध में । तो मैं उपसभापति जी, आपके माध्यम से विदेश मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि विदेश नीति को देश की सुरक्षा से जोड़ने के लिये हमारी सरकार क्या कारगर कदम उठाना चाहती है । दूसरा प्रश्न मेरा है कि यदि पाकिस्तान अणु आयुध बनाता है, जिसको पाकिस्तान इस्लामिक अणु आयुध के नाम से पुकारता है, उसका मुकाबला करने के लिये क्या सरकार अणु आयुध अपने देश में बनायेंगी ? तीसरा, अमेरिका के नये राष्ट्रपति रेगन के चुने जाने के बाद हमारे देश की विदेश नीति में क्या कोई अन्तर आया है । चौथा प्रश्न, क्या हमारी सरकार अमरीका और कनाड़ा को इस सम्बन्ध में कोई विरोध-पत्र भेजना चाहेगी ? पांचवा प्रश्न यह है कि कनाडा राष्ट्र-मंडल का सदस्य है । इसलिये राष्ट्र मंडल की कोई मीटिंग बुलाने के सम्बन्ध में हमारी सरकार विचार करेगी ताकि राष्ट्रमंडल की मीटिंग बुलाकर कनाडा की भर्त्सना की जाये ?

**श्री उपसभापति** : आपने सीमित समय में केवल प्रश्न ही पूछे इसके लिये धन्यवाद ।

**एक माननीय सदस्य** : ये शरीफ आदमी हैं साहब ।

**श्री पी०वी० नरसिंह राव** : श्रीमन् जहां तक विदेश नीति और सुरक्षा का सम्बन्ध है, इन दोनों में बहुत गहरा संबंध रहता है है और एक दूसरे से मशविरा करके ही नीति निर्धारित की जाती है । मैं माननीय सदस्यों को यह आश्वासन देना चाहता हूं कि दोनों साथ-साथ चलते हैं, इसमें कोई अन्तर नहीं है । जहां तक हमारे अणु आयुध बनाने का प्रश्न है इस पर हमारी नीति कई बार स्पष्ट की जा चुकी है और उसमें कोई अन्तर नहीं आया है । अभी अमेरिका की नई सरकार गद्दी पर आई नहीं है । जो नये अध्यक्ष चुने गये हैं जब वे आयेंगे, आसन ग्रहण करेंगे, तब उनकी नीति कैसे बनेगी उसी के अनुसार हम फिर चलेंगे । लेकिन हम यह आशा करते है कि हमारे जो अमेरिका के साथ सम्बन्ध हैं, वहां चाहे किसी भी पार्टी का राष्ट्रपति हो, उनमें कोई अन्तर नहीं आयेगा, यह हमारी आशा है । फिर इसके बाद प्रोटेस्ट की बात है । यह जो तथ्य हमारे पास आया है यह एक मुकदमे के सिलसिले में आया है । इसमें किस सरकार का कितना हाथ है, इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं है । इसलिये प्रोटेस्ट के लिये अभी मौका नहीं है । कनाडा में ही यह मुकदमा चल रहा है, कनाडा की सरकार ने, वहां की पुलिस ने इन चीजों को पकड़ा है और वही मुकदमा चला रहे हैं, तो फिर इस बारे में हम कनाडा से कैसे शिकायत कर सकते हैं, यह मेरी समझ में नहीं आता है । मुकदमे पूरे होने दीजिये, सारे तथ्य आने दीजिये । उसके बाद जो कार्यवाही करनी होगी, जो उचित होगा वह हम करेंगे ।

**श्री बुद्ध प्रिय मौर्य** (आंध्र प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, दूसरे विश्व युद्ध का 6–9 अगस्त भुलाया नहीं जा सकता, विशेषतौर पर जो कुछ हीरोशिमा और नागासाकी पर बीता, इसको आधार मानते हुए भारतवर्ष ने हमेशा इस सार को माना कि अणु शक्ति का मानव विकास के लिये, मानव कल्याण के लिये इस्तेमाल किया

[श्री बुद्ध प्रिय मौर्य]

जाये न कि विनाश के लिये । श्रीमन्, इसमें मुझे थोड़ा-सा समय दे दीजिएगा । आपको भी व्यक्तिगत जानकारी है कि इस ध्यानाकर्षण पर मेहनत तो मैंने ही की थी और करीब इस पर 40 सदस्यों के लगभग हस्ताक्षर भी लिए थे । माननीय झा साहब के भी हस्ताक्षर लिए थे । मेरा दुर्भाग्य रहा कि मेरे नाम पर न आकर यह उनके नाम पर चला गया । श्रीमन्, मैं निवेदन यह करना चाहता हूं कि पाकिस्तान ने 1950 में सीटो का फौजी समझौता किया था, सीटो का मैम्बर बना था, मिलिटेरी पेक्ट किया था। बाद में वह सीटो का रूप ले गया । यह निश्चयपूर्वक साम्यवादी राष्ट्रों के खिलाफ नहीं था क्योंकि उस समय पाकिस्तान के बहुत अच्छे संबंध साम्यवादी राष्ट्रों से थे और साम्यवादी राष्ट्रों से आज भी हैं । वह आज एक बड़ी आबादी वाले राष्ट्र जिससे उनके बहुत निकट के संबंध है उसके साथ मिल कर भारत के खिलाफ साजिश भी करता रहता है । श्रीमन्, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह फौजी समझौता पाकिस्तान ने हमेशा भारतवर्ष को निगाह में रखते हुए किया । यही नहीं यह मेरे पास स्ट्रेटेजिक स्टडीज है जिसको इंस्टीट्यूट फार डिफेंस स्टडीज एंड एनेलेसिज छापता है इसके पन्ना 80 पर कम्पेरेटिव स्टडी दी हुई है । श्रीमन्, यह 1975 के आंकड़े हैं जिन्हें मैं पढ़ता हूं-

For India "as a percentage of GNP it is only 3.32 while in the case of Pakistan it is more than double, 6.28. The ratio in between Pakistan and India comes to 1.9:1." In regard to armed forces per thousand people, "a comparative study between India and Pakistan shows that India has annual expenditure only to the tune of 2.72 while in the case of Pakistan it is almost three times, 7.24. The ratio comes to 2.7:1."

श्रीमन् यह आंकड़े इस बात को बताते है कि पाकिस्तान हमेशा भारत के खिलाफ साजिश करता रहता है । यही नहीं, श्रीमन् जिस विषय को लेकर यह ध्यानाकर्षण मैंने तैयार किया था और माननीय सदस्यों ने उसमें बहुत सहयोग भी दिया था आई० एन० एफ० सी० ए० हमेशा यह कोशिश करता रहा है कि नान-प्रोलीफरेशन ट्रीटी जो है इसको पूर्ण रूप से लागू किया जाए लेकिन इसको ध्यान में रखते हुए अमरीका की पालियामेंट में एन० एन० पी० ए० कानून भी बना है । लेकिन दुर्भाग्यवश अमरीका ने स्वयं ही कानून बनाया, उसका वही उल्लंघन कर रहा है । यह बाद में माननीय मंत्री महोदय को पता चलेगा कि कैसे मुन्नज्जम तरीके से यह न्यूक्लियर इक्विपमेंट जिनके बारे में ध्यानाकर्षण में चर्चा है अमरीका से कनाडा भेजा गया और मुन्नज्जम तरीके से कनाडा से पास्कितान भेजा गया । इसकी विस्तार में चर्चा कनाडा की पालियामेंट में हुई और उसमें इस बात का विरोध आया है । माननीय मंत्री जी ने जो तीन नागरिकों का नाम लिया है वे तीनों ही उन्होंने बाद में सुधार भी दिया वे तीनों ही कनाडा के ही नागरिक हैं और 20, 25, 30 वर्षों से पहले वे और उनके पिता, मां-बाप वहां सेटल डाऊन हुए थे । यह मुन्नज्जम तरीके से न्युक्लियर इक्विपमेंन्ट वहां पहुंचा है। इसके बारे में मैं निवेदन करना चाहूंगा और भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । इसमें एक पैरा कोट भी करना चाहता था लेकिन समय की कमी होने के कारण कोट नहीं करना चाहता । मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि भारत इस दिशा में कौन से कदम उठा रहा है ? क्योंकि मुझे तो विशेष तौर से जानकारी हुई कि पाकिस्तान एटम बम बनाने की तैयारी ही नहीं कर रहा है वह बना चुका है यह भी जो इक्विपमेंट गया है यह तो इंस्टालमेंट्स में नहीं गया है । यह 11 इंस्टालमेंट्स में गया है । यह

अकेले अमरीका से ही नहीं गया बल्कि पश्चिमी यूरोप में ऐसे राष्ट्र है जिन्होंने बाहरी नहीं छिपे तौर पर पाकिस्तान को न्यूक्लियर इक्विपमेंट्स दिए हैं जो बहुत अच्छी क्वालिटी का यूरेनियम पैदा करने की क्षमता रखते हैं और बहुत शक्तिशाली एटम बम बनाने की क्षमता रखते हैं। तो श्रीमन् मैं यह जानना चाहूंगा कि इन तमाम परिस्थितियों के होते हुए और श्रीमन् मैं यह नहीं चाहता हूं अगर ये सोचते हों कि पब्लिक इन्टरेस्ट में नहीं है तो न बतायें, मैं एक शब्द कह देना चाहूंगा कि पास्किस्तान एक ऐसा राष्ट्र है जिसका जन्म ही क्रोध और घृणा में हुआ है। जो स्वयं अपने नेताओं को निराधार बिना किसी आधार पर दुश्मनी की भावना से अपने प्रधान मंत्री को फांसी तक दे सकता है। श्रीमन् मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि आज वहां पर जनतंत्र भी नहीं है अगर जनतंत्र रहता होता तो आशा की जा सकती थी कि यह न्यूक्लीयर शक्ति जो प्राप्त कर रहा है उसका वह मुन्नफ्जिम तरीके से इस्तेमाल करेगा अनावश्यक तरीके से नहीं करेगा। श्रीमन् मैं यह निवेदन करना चाहता हूं दुर्भाग्य था कि अभी-अभी भूतपूर्व प्रधान मंत्री का बयान भी आया। यह बयान भी अमेरिका के इशारे पर आया यह बयान भी पाकिस्तान की मदद करने के लिए आया। पाकिस्तान न्यूक्लीयर पावर बने यह मोरारजी भाई का बयान उसको ताकत देता है। क्योंकि उन्होंने उसमें दुनिया की सुपर पावर्स को जोड़ा है और उसके मुकाबले में पाकिस्तान जीवित रहे इसलिए पश्चिमी दुनिया उसको न्यूक्लीयर पावर बना सके यह तमाम साजिश है, यह तमाम कांस्पिरेसीज हैं, इन तमाम चीजों को ध्यान में रखते हुए मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे जो कुछ भी अपनी परम्परा निभायें जो मानते हैं परन्तु आज देश खतरे से गुजर रहा है इसके लिए हमें बहुत ही ध्यानपूर्वक बहुत ही सिस्सटेमैटिकल अपनी योजनायें भी रखनी पड़ेंगी।

**श्री पी० वी० नरसिंह राव :** इसमें कोई जवाब देने की बात नहीं है। मैंने उनकी बातें सुन ली हैं।

**श्री रामानन्द यादव** (बिहार) : उपसभापति महोदय, मैं भाषण करना नहीं चाहता हूं मैं कुछ प्रश्न करना चाहता हूं। भाषण करने में तो बहुत समय लगेगा। मैं मौर्य जी के इस सेंटीमेंट के साथ हूं कि देश आज बड़े ही खतरे से गुजर रहा है और हम लोग चारों तरफ से इनसरक-क्लड हो रहे हैं जो हमारे मित्र राष्ट्र नहीं है उनके द्वारा पड़ोस में चीन पाकिस्तान और दूसरे जो मुल्क हैं, अमेरिका अड्डा बनाये हुए हैं तो इससे हम देखते हैं कि हमारी जो सैनिक स्थिति है वह सुदृढ़ हो ताकि आने वाले समय में कभी अगर खतरा इस देश पर आये तो हम अपनी रक्षा कर सकें। मैं प्रश्न पूछना चाहता हूं . . .

**श्री शिव चन्द्र झा :** साफ-साफ बोलिए।

**श्री रामानन्द यादव :** मैं दही चूरन खाने वाला नहीं हूं. . . . *(Interruptions)* मैं साफ प्रश्न पूछूंगा आप घबड़ाईये मत। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या यह बात सही है कि पाकिस्तान ने आज अपने अनेक प्रयासों के माध्यम से न्यूक्लीयर वीपन्स बनाने में दक्षता हासिल कर ली है और हमारे 20 वर्षों के प्रयास के बाद जिस स्तर पर एटामिक एनर्जी के रिसर्च के पास हम पहुंच चुके हैं क्या उस स्तर तक वह थोड़े ही समय में चन्द वर्षों के अंदर ही वहां तक पहुंच गया है और क्या यह संभावना है कि कुछ दिनों के बाद वह हमसे इस मामले में आगे हो जायेगा?

[श्री रामानन्द यादव]

दूसरा, क्या सरकार यह बतायेंगी कि पाकिस्तान को हैवी वाटर किन रिसोर्सेज से मिलता है ?

तीसरा, क्या सरकार इस बात का प्रयास करेगी कि हम उस स्तर तक अपने न्यूक्लीयर वीपन्स या न्यूक्लीयर डिवाइसेज को उस स्तर तक रिसर्च करके रखें कि कभी भविष्य में अगर देश पर आक्रमण हो तो तत्काल अपने पीसफुल एफर्ट को न्यूक्लीयर वीपन्स बनाने में अर्थात इस सारी मशीनरी को तत्काल से तत्काल कंवर्ट कर सकें ? क्या सरकार इसका प्रयास करेगी ?

चौथा, यह निर्विवाद है क्योंकि डच गवर्नमेंट ने खुद स्वीकार किया है अपने रिपोर्ट में कि उसके यहां से स्पेशल स्टील ट्यूब्स गये हैं। डाक्टर मुनीर खां वहां गये, रिसर्च किया, ब्लू प्रिंट लाये और लाकर के वहां से ट्यूब्स भी वहां के फार्म से कोनाइव करके ले आये।

यह डच गवर्नमेंट ने स्वीकार किया है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार ने डच सरकार से इसके संबंध में कोई प्रोटेस्ट किया है ?

मेरा पांचवां क्वश्चन है कि अगर कोई मित्र देश भारतवर्ष को न्यूक्लियर वैपंस, भारत की आर्मी को सुरक्षा के लिए कोई मित्र राष्ट्र, मान लीजिए रूस चाहता है अगर रूस आफर करे कि हम भारतीय सेना को न्यूक्लियर वैपंस से लैस करना चाहते हैं, तो क्या भारत सरकार उस आफर को मानेगी ?

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : श्रीमन्, मैं चर्चा के द्वारा इस देश में घबराहट का वातावरण पैदा नहीं करना चाहता। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि जिन तथ्यों की तरफ इशारा किया गया है, वह सारी जानकारी सरकार के पास है और जैसा कि मैंने अपने वक्तव्य में पढ़ा, भारत की सुरक्षा के बारे में जो भी हमें करना है, उसके बारे में हम सतर्क हैं। यह मैंने स्पष्ट कर दिया है।

अब यह भी मैंने कहा कि इस बात की जानकारी भी सरकार के पास है कि पाकिस्तान ने अपने इस कार्यक्रम में कुछ सामग्री कई देशों से लाने की कोशिश की है। यह कोई खुलेआम लाने की बात नहीं होती है। वह किसी और तरीके से लाई जाती है। उस को आप साबित नहीं कर सकते। उसके ऊपर आप कोई कार्यवाही नहीं कर सकते। लेकिन फिर भी आप जानते हैं, यह सारी जानकारी आपके पास मौजूद है। यह मामला ही ऐसा होता है। इसलिए मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि जो मैंने अपने वक्तव्य के अंतिम वाक्य में कहा था, वही इसका सारांश है कि हम इस मामले में सतर्क हैं।

SHRI KALYAN ROY (West Ben gal): Sir, Pakistan has become one of the biggest battleships in South-East Asia. It is not the nuclear weapons alone that it has, but it has gone in for a massive military buildup. My allegation against the Government is that it is taking neither the-people nor this Parliament into confidence and the Western countries as a whole are fully involved in the massive build-up in Pakistan with all kinds of weapons.

Sir, Pakistan has got 50 latest French Mirages. Then. Sir, U.K. has offered all kinds of armaments to Pakistan. U.K. and West Germany have sold more arms, according to Mr. Rao. 2,000 million dollars' worth of Chinese arms have poured into Pakistan. 800 million dollars' worth of Saudi aid is there for the military build-up in Pakistan. France has offered a fresh supply of the li Mirage jets to Pakistan. This is one-part of it, and the other part is the manufacture of the nuclear bomb and, Sir, when the bomb falls, it will fall in New Delhi or Kabul or in Tash-kant. I think the Minister is very

much aware that both the BBC and the Public Broadcasting System of Washington DC, $o_n$ their respective television, made it very clear and showed the Western involvement in ' the Pakistani nuclear programme. If there is any hand in this, it may be the hand of President Zia. But the brain, the equipment, the fuel, the plants—everything is made either in the USA or France or West Germany. So, unless $thes_e$ matters are taken at that level, there is $n_0$ use blaming only Pakistan. And, Sir, is he aware that they have not only produced the nuclear fuel, but they have also got the most important components of a centrifuge plant? And, Sir, the Prime Minister stated in this House on August 7 this year that they are about to manufacture a bomb. Is it not a fact that they have finalised the date of explosion in Pakistan? I want to put a straight question. Is it not a fact that sometime in 1981 they are going to explode a bomb? Secondly, arising out of the reply he has given in this House a few minutes back, as it not ft fact that it $i_s$ not three but they hs ve secured Irom Canada 11 consignments of electronic component parts? My last question: He has mentioned, that one of them is of Indian origin. If I understood him correctly, they are now all citizens of Canada. May I ask a straight question? When did they leave India, when did they get citizenship of Canada?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is only one.

SHRI KALYAN ROY: Do not answer Let him answer.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He said that he $ha_s$ no information.

SHRI KALYAN ROY: He should get the information.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He said that...

SHRI KALYAN ROY: It is essential for my survival in Delhi. If a bomb falls, both of us will $b_e$ some-where else. *(Interruptions)* When did they leave India? When did they get citizenship of Canada? Have they any relatives and friends in India? When did they last visit India? What kind of correspondence did they have with them? With whom have (th< / been having discussions and sent; letters?

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: Sir, as I have already submitted, these details $ar_e$ not available at the moment. Naturally we would also be curious to know about all these things. We will see how this information also could be obtained. In regard to the date of explosion of the bomb by Pakistan we have no definite information. But whatever information we have in regard to the preparation that Pakistan has Ibeen making, that information has been placed before the House from time to time. So far as the number of consignments is concerned, I have placed before the House the information which the Government has at the moment. I have no knowledge about a much larger number as referred to by the i Member. We shall check up.

SHRI P. RAMAMURTI: Sir, ever since Independence, the United States, of America has been heavily arming Pakistan. And whenever the Government of India protested against this heavy arming of Pakistan, the U.S. Government had assured us repeatedly that these arms are not intended t» fight against India; they are directed for defending Pakistan against any possible attack from Communist coun-ries. This was the reply given whenever they have' been asked. They have also stated that there is a specifi* stipulation that these arms should not be used against India. At that time we had pointed out that guns do not shoot only in one direction; they shoot in many directions.

SHRI BHUPESH GUPTA: Mt. Krishna Menon stated that guns do not shoot only in one direction.

SHFH P. RAMAMURTI: The late Mr. Krishna Menon stated this at that time. But what exactly happened was that those guns were fired on India. Repeatedly this thing has been taking place. And now in our country today there are people who are going about saying that any talk of Pakistan indulging in war with our country is just a mirage, it is just searce-mongering. And that kind of thing is being kept uP by some. I do not want to mention names. But the fact remains that Pakistan is again being heavily armed by the USA. The purpose is very clear. Nuclear capability is being given to Pakistan. This is the situation in which we find ourselves. So, Sir, two questions arise from this. One is that America wants us to commit ourselves to sign the Non-Proliferation Treaty, which India refuses and rightly refuses. These are the pressure tactics, and if we do this, they say that Pakistan does not go nuclear. This is the kind of thing that they are doing. So, I want to know whether India will stick firmly by the stand that we have taken in consonance with our sovereignty, with our independence, with our independent policy that whatever may be the pressure from whichever quarter, we will never sign the Non-Proliferation Treaty and that we stand on our own on the basis of our independence. This is the first question. The second question that I would like to ask is that in view of the fact that in Pakistan today you have got a military dictator and he is being heavily armed, and in view of the fact that in Pakistan there is a Jot of discontent mounting against the military dictator and, therefore, we don't know how a military dictator will behave at any time when he is hemmed in by the mounting pressure—an<j as a diversionary tactics he may attack India and, therefore, the danger is always there'—will the Government of India, without minimising this danger and at the same time without exaggerating it, and without creating any scare in *this* country that there is going to be an at*ack, be prepared for meeting *ny ontingency while at the same time trying our best to see that more friendly relations develop with Pakistan? These are the two questions which I would like the hon. Minister to reply.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: Sir, on the Non-Proliferation Treaty, our position is clear and it is going to remain the same. We consider the Treaty as unjust, unrealistic and, therefore, in its present form there is no question of India either willingly or under pressure or under any circumstances agreeing to sign it. On the second question, Sir, I think, the Prime Minister has said more than once that India does not want to attack any other country. But if India is attacked, India will certainly give a fitting reply.

SHRI NARASTNGHA PRASAD NANDA (Orissa): Sir, I am extremely happy that the hon. Minister has categorically stated that the Government does not intend to create a scare or panic in the country on account of this massive arms supply to Pakistan and the recent illegal transport of six consignments of electronic equipment to enhance the nuclear capability of Pakistan. Sir, I have only two simple questions to ask. Number one; Has the Government of India drawn the attention of the American Government to all this illegal transport of electronic equipment to enhance the nuclear capability of Pakistan? And what is the reaction of the American Government to it? I am not concerned with what the Canadian Government is doing or what was discussed in the Canadian Parliament. That is there and we know that. So, I would like to know whether the Government have written to America that such large consignments are being' shipped to Pakistan through an established channel, and if so, what is the reaction of the American Government to that? That is number one. Secondly, I would like to **know** -whether the Government of India is trying to develop its own nuclear capability to meet any eventuality that **may** arise as a result of the deve-

lopment of nuclear capability by Pakistan.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: Sir, my statement contains the answers to both these questions. In the first place, this material was smuggled. This happens to be the position now. And there is a case going on. So, when we are in possession of all the relevant facts, the question of our taking action or asking some other Government about their view on the matter will arise, not until then. Then about our own capability, I have already covered that in the state. ment.

1 P.M.

श्री उपसभापति : मैं माननीय सदस्यों का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने समय के अंदर इस प्रस्ताव को समाप्त किया। श्री सीताराम केसरी ।

## ANNOUNCEMENT REGARDING GOVERNMENT BUSINESS

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Sir,...

MR. DEPUTY CHAIRMAN.- Just a minute.

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SITA RAM KESRI): Sir, with your permission, I rise to announce that Government Business in this House during the week commencing the 15th December, 1980, will consist of: —

1. Discussion on the Resolutions seeking disapproval of the Code of Criminal Procedure (Amendment) Ordinance, 1980 and consideration and passing of the Code of Criminal Procedure (Amendment) Bill, 1980, as passed by Lok Sabha.

2. Consideration and passing of the Salary, Allowances and Pension of Members of Parliament (Amendment) Bill, 1980.

3. Discussion on the Resolutions seeking disapproval of the following Ordinances together with consideration and passing of the Bills, as passed by Lok Sabha, in replacement of them: —

(a) The National Security Ordi. nance, 1980.

(b) The Maruti Limited (Ac quisition and Transfer of Under takings) Ordinance, 1980.

(c) The Hind Cycles Limited and Sen-Releigh Limited (Nationalisation) Ordinance, 1980.

(d) The Bird and Company Limited (Acquisition and Transfer of Undertakings and other Properties) Ordinance, 1980.

(e) The Forest (Conservation) Ordinance, 1980.

(f) The Tea (Amendment) Ordinance, 1980.

(g) The Payment of Bonus (Amendment) Ordinance, 1980.

4. Consideration and return of the Appropriation (No. 4) Bill, 1980, after it has been passed by Lok »Sabha.

SHRI BHUPESH GUPTA: Sir, I have a submission to make. Now, you have heard the long list of business that he has read out. I presume that he means it to be taken up in the next week. Obviously, Sir, it is not possible, unless, of course, you want to make a fuss of the parliamentary discussion and debate. I say this, not because I want to unnecessarily create difficulties for the Government, but because there is the normal convention that on every important Bill there should be reasonable and fair debate.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Before you say anything, please hear the time allotted by the Business Advisory Committee.

SHRI BHUPESH GUPTA: 1 am not going into the time.